IDHS की विकलांग अमेरिकी अधिनियम कार्यशाला

विकलांग अमेरिकी अधिनियम (ADA) के 30वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में, इलिनॉय का मानव सेवा विभाग (IDHS) इस अधिनियम (ADA) की समस्याओं के संबंध में एक परस्पर संवादात्मक और सूचनात्मक आभासी कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस आयोजन के कुछ भाग को सिटी ऑफ शिकागो, इक्विप फॉर इक्वलिटी, द ग्रेट लेक्स ADA बिज़नेस एंड टेक्निकल असिस्टेंस सेंटर, और इलिनॉय ADA प्रोजेक्ट द्वारा सपोर्ट प्राप्त है। कार्यशाला नि: शुल्क है और इसमें इलिनॉय के गवर्नर JB प्रित्जकर सहित कई वक्ता अपना संबोधन देंगे। इस आयोजन के बारे में जो भी अधिक जानकारी पाना चाहता है, जिसमें रजिस्टर कैसे करना संबंधी जानकारी भी शामिल है, वह इस साइट पर जा सकता है।

कॉल 4 कॉम

इलिनॉय मानव सेवा विभाग ने "Call4Calm" को चलाना जारी रखा है जो एक नि:शुल्क भावनात्मक सहायता टेक्स्ट लाइन है जिसे इलिनॉय के लोगों को कोविड-19 से संबंधित तनाव को कम करने में मदद करने के लिए प्रारंभ किया गया है। लोग सामुदायिक मानसिक स्वस्थ्य केंद्र के एक देखभाल करने वाले सलाहकार की ओर से कॉल पाने के लिए 552020 पर "TALK" (या स्पेनिश में "HABLAR") टेक्स्ट कर सकते हैं।

इसके अलावा, इस टेक्स्ट नंबर से इलिनॉय के लोगों को महामारी के दौरान दूसरी महत्वपूर्ण समस्याओं पर सहायता और दिशानिर्देश प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। उत्तर में अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए निवासी **552020** पर "UNEMPLOYMENT," "FOOD," या "SHELTER," जैसे कीवर्ड टेक्स्ट कर सकते हैं। (संदेश और डेटा दरें लागू हो सकती हैं। नियम और शर्तें) देखें

ग्रीष्मकालीन युवा रोज़गार कार्यक्रम

पिछले सप्ताह के दौरान, इलिनॉय के मानव सेवा विभाग (IDHS) ने राज्यपाल JB प्रित्जकर, स्थानीय नेतागण, तथा रॉकफोर्ड, वॉकेगन, अर्बाना और ईस्ट सेंट लुई के भागीदारों से जुड़कर IDHS समर यूथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम (C-SYEP) की सफलता की ओर सबका ध्यान आकर्षित करने का प्रयत्न किया है।

C-SYEP प्रोग्राम अगस्त 2020 में पूरे राज्य में 2400 युवा वयस्कों को रोजगार देगा। यह प्रोग्राम उन्हें काम का प्रशिक्षण देगा और इस COVID-19 महामारी के समय काम पाने में मदद करेगा। इस महत्वपूर्ण पहल को सपोर्ट करने के लिए राज्य ने $9.3 मिलियन समर्पित किए हैं।

जो लोग इस प्रोग्राम के बारे में पूछताछ करना चाहते हैं वे प्रोवाइडर और रेफरल कांटेक्ट सूची यहां पा सकते हैं।

IDHS सभी लोगों से कहता है कि इस महामारी को फैलने से रोकने में अपना भी योगदान दें

IDHS राज्यभर की अपनी साथी एजेंसियों एवं राज्यपाल के साथ मिलकर सभी को इस बात की याद दिलाता है कि हमें COVID-19 को फैलने से रोकने के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए। कृपया एक क्षण रूककर राज्यपाल द्वारा बताई गई लोक स्वास्थ्य की आवश्यकताओं की ओर ध्यान दें, जिनमें सामाजिक दूरी का पालन करना, सार्वजनिक स्थानों पर या अपने काम पर चेहरे को ढंकना, हाथों को अच्छी तरह से साफ करना, कमजोर और वृद्ध लोगों का विशेष ध्यान रखना, तथा राज्यपाल के सरकारी आदेश के अनुसार ही सीमित संख्या में एक स्थान पर एकत्र होना शामिल हैं।

COVID-19 को फैलने से रोकने में अपना योगदान देने के लिए धन्यवाद!

हाथ से न जाने दें – विद्यार्थियों के लिए भोजन लाभ

इस वर्ष के आरंभ में, IDHS ने पैंडेमिक एमरजेंसी बेनेफ़िट ट्रांसफ़र (P-EBT) कार्यक्रम, को प्रभाव में लाने के लिए संघीय अनुमोदन मांगा था और वह उसे मिल भी गया है; उक्त कार्यक्रम इलिनॉय के परिवारों को स्कूली आयु वाले उन बच्चों के लिए भोजन खरीदने में सहायता हेतु धन प्रदान करता है जिन्हें स्कूल खुले होने पर निःशुल्क या घटी-कीमत पर भोजन मिलता हैं। **हालाँकि स्कूल का शैक्षणिक वर्ष समाप्त हो गया है, लेकिन P-EBT के लिए आवेदन करने की समय सीमा को बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया गया है।** पात्र परिवार प्रत्येक छूटे स्कूली दिन के लिए प्रति छात्र $5.70 के अधिकारी हैं।

यदि आपके परिवार को वर्तमान में SNAP लाभ मिलते हैं और उसमें पात्र विद्यार्थी हैं, तो वे अपने-आप नामांकित कर दिए जाएंगे और इस हेतु किसी भी आवेदन की आवश्यकता नहीं है। IDHS इन परिवारों के P-EBT लाभों को परिवारों के मौजूदा LINK कार्डों में जोड़ देता है।

जिन परिवारों को वर्तमान में SNAP लाभ नहीं मिलते हैं, पर उनमें ऐसे विद्यार्थी शामिल हैं जो निःशुल्क या कम-कीमत के भोजन के लिए योग्य हो सकते हैं, तो वे 31 जुलाई तक P-EBT लाभों के लिए आवेदन कर सकते हैं। परिवारों को भूतकाल में उस समय तक के P-EBT लाभ मिल सकते हैं जब उनके विद्यार्थी P-EBT के लिए पात्र हुए थे। अधिक जानने के लिए कृपया abe.illfox.gov पर जाएं।

SNAP आपातकालीन आवंटन पूरे जुलाई माह के लिए बढ़ाए जाते हैं!

संघीय सरकार ने पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम), (SNAP) वाले सभी परिवारों के लिए पूरे जुलाई माह में आपातकालीन आवंटन जारी रखने का अनुमोदन कर दिया है। ये आवंटन यह सुनिश्चित करते हैं कि परिवारों को वैश्विक-महामारी के दौरान उनकी गृहस्थी के आकार के अनुसार अधिकतम SNAP राशी मिले। ग्राहक को इसके लिए कुछ नहीं करना है, और जुलाई 2020 के SNAP आपातकालीन आवंटन सक्रिय SNAP परिवारों को 07/19/20 और 07/30/2020 के बीच उपलब्ध हो जाएंगे।

SNAP लाभों हेतु आवेदन के लिए, कृपया abe.illinois.gov पर जाएं।

जनगणना

इलिनॉय के हर व्यक्ति की गणना होना आवश्यक है! IDHS जनगणना कार्यालय की जुलाई की रिपोर्ट दर्शाती है कि 29 जून को, जनगणना स्व-प्रतिक्रिया दरों के मामले में देश में इलिनॉय का स्थान आठवां था। परंतु हमें अभी बहुत आगे जाना है। मतदाता अपने क्षेत्र की प्रतिक्रिया दरों के बारे में अधिक जानने के लिए U.S.पर जा सकते हैं। जनगणना ब्यूरो (USCB) का प्रतिक्रिया दर पृष्ठ।

आपको याद दिला दें कि अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने स्व-प्रतिक्रिया का अंतिम दिनांक 31 अक्तूबर, 2020 तक बढ़ा दिया है। ऑनलाइन जनगणना पूरी करने के लिए My2020census.gov पर जाएं या **1-844-330-2020** पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए **987987** पर संदेश भेजें या census.illinois.gov पर जाएं।